सचिव

ई-मेल द्वारा प्राप्त

उपाध्यक्ष
15/7/24

ई-मेल
बैठक दिनांक-16.07.2024, पूर्वान्ह्न 11:00बजे
शीर्ष प्राथमिकता/आज ही
संख्या- 1457/आठ-6-2024

प्रेषक,

चन्द्र श्याम मिश्र
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1	आयुक्त, आवास एवं विकास परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।	2	उपाध्यक्ष/अध्यक्ष, विकास/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उ0प्र0 (आगरा, अलीगढ़, फिरोजबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, मुजफ्फर नगर, बरेली, झाँसी, प्रयागराज, सहारनपुर एवं सोनभद्र)।	3	नियत प्राधिकारी/जिलाधिकारी, विनियमित क्षेत्र, सन्त कबीरनगर।
4	मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।				

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-6 लखनऊ:दिनांक 15 जुलाई,2024

विषयः समूह-'क' एवं 'ख' श्रेणी के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल किये जाने की व्यवस्था के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त शासन के पत्र दिनांक-1436/आठ-6-2024, दिनांक-11.07.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर Workflow जनरेशन की कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु मानव सम्पदा पोर्टल पर प्रदर्शित सूचना दिनांक-15.07.2024 (छायाप्रति संलग्न) के अनुसार Workflow जनरेशन की कार्यवाही अद्यतन अपूर्ण है, जो कि खेदजनक है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने कार्यालय में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से संबंधित कार्यरत समूह-क एवं ख श्रेणी के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि मानव सम्पदा पोर्टल पर आनलाईन दाखिल किये जाने के सम्बन्ध में संलग्न सूची के अनुसार प्रदर्शित अधिकारियों में मृत/सेवानिवृत्त अधिकारियों का डाटा एन0आई0सी0 द्वारा स्वस्तर से विलोपित कराते हुए Workflow जनरेशन से संबंधित कार्यवाही प्रत्येक दशा में आज ही पूर्ण कराने एवं **विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग,उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक-16.07.2024 को पूर्वान्ह्न 11:00 बजे उनके शास्त्री भवन स्थित कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से** अद्यतन सूचना सहित प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय,
15.7.2024
(चन्द्र श्याम मिश्र)
अनु सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ को बैठक में व्यक्तिगत रूप से सुसंगत अभिलेखों एवं अद्यतन सूचना सहित प्रतिभाग करने हेतु।
2. निदेशक, आवास बन्धु, जनपथ-मार्केट, लखनऊ को बैठक में व्यक्तिगत रूप से सुसंगत अभिलेखों एवं अद्यतन सूचना सहित प्रतिभाग करने हेतु।
3. पास आफिसर, लाल बहादुर शास्त्री भवन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त निर्धारित बैठक में प्रतिभाग किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों का उक्त तिथि का प्रवेश पत्र निर्गत करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(चन्द्र श्याम मिश्र)
अनु सचिव।

GO Deep Comp